**महत्वपूर्ण / समयबद्ध / ईमेल**

**संख्या–2681 / नौ–7–2026–Comp. No 1654182**

प्रेषक,

**महेन्द्र बहादुर सिंह,**
विशेष सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

1 समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2 समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम उत्तर प्रदेश।
3 समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत उ0प्र0।

**नगर विकास अनुभाग–7** **लखनऊः दिनांकः 20 मई, 2026**

**विषयः–नगरीय निकायों की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के भरण–पोषण के लिये चारे–भूसे हेतु अनुदान का प्रस्ताव / मॉग पत्र कान्हा गौशाला पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1859 / नौ–7–2026–Comp. No 1654182, दिनांक 17.04.2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा नगरीय निकायों की गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गोवंशों के भरण–पोषण के लिये चारे–भूसे हेतु अनुदान का प्रस्ताव / मॉग पत्र कान्हा गौशाला पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे।

2– प्रायः यह देखा जा रहा है कि अधिकांश नगरीय निकायों द्वारा अभी भी अनुदान के प्रस्ताव / मॉग पत्र कान्हा गौशाला पोर्टल के माध्यम से न उपलब्ध कराकर ईमेल / डाक के माध्यम से शासन को प्रेषित किये जा रहे हैं तथा जिन नगरीय निकायों द्वारा अपने प्रस्ताव कान्हा गौशाला पोर्टल पर अपलोड किये गये हैं, उनमें से अधिकांश प्रस्ताव अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण है।

3– अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासनादेश दिनांक 30.10.2025 द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रकिया के अनुसार कान्हा गौशाला पोर्टल का उपयोग करते हुए सम्यक प्रस्ताव / मॉग पत्र कान्हा गौशाला पोर्टल पर तत्काल अपलोड करने का कष्ट करें। समय से मॉग पत्र / प्रस्ताव न उपलब्ध कराने पर नगरीय निकाय में संरक्षित गोवंश के साथ चारे–भूसे के अभाव यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका उत्तरदायित्व संबंधित निकाय का होगा।

भवदीय,

Digitally signed by
MAHENDRA BAHADUR SINGH
Date: 20-05-2026 12:06:44

**(महेन्द्र बहादुर सिंह)**
विशेष सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–</u>

1 निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ.प्र. लखनऊ।

2 गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
PARAS NATH
Date: 20-05-2026
12:19:41

**(पारस नाथ)**

अनु सचिव।